उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी

5, सर्वपल्ली, माल एवेन्यू रोड, लखनऊ – 226001
हेल्पलाइन नम्बर : 8400955546, +91–9151024463
Website:www.upsmfac.org Email:upmedicalfaculty@upsmfac.org

पत्रांक संख्या–2710/26 दिनांक 25/03/26

अतिमहत्वपूर्ण / समयबद्ध

सेवा में,

प्रबंधक / प्रधानाचार्य / विभागाध्यक्ष,
समस्त नर्सिंग व सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

विषय–जी0एन0एम0 एवं ए0एन0एम0 तथा समस्त सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान (पैरामेडिकल) डिप्लोमा प्रशिक्षण की दिनांक 27.03.2026 को होने वाली परीक्षा स्थगित एवं नवीन परीक्षा तिथियों के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

आपको सूचित करना है कि राज्य सरकार द्वारा **"राम नवमी"** का सार्वजनिक अवकाश दिनांक **27.03.2026** को घोषित किया गया है। अतएव दिनांक 27.03.2026 को होने वाली निर्धारित परीक्षाओं को स्थगित किया जाता है।

उक्त आदेश के समादर में दिनांक 27.03.2026 को निर्धारित समस्त नर्सिंग व सहबद्ध एवं स्वास्थ्य देख–रेख संस्थान (पैरामेडिकल) डिप्लोमा प्रशिक्षण की परीक्षाओं की नवीन परीक्षा तिथि **07.04.2026** को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक एवं डिप्लोमा इन फार्मेसी की नवीन परीक्षा तिथि **13.04.2026** को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे तक निर्धारित समय में सम्पन्न करायी जायेंगी।

अन्य परीक्षाऐं पूर्व निर्धारित समय–सारिणी के अनुसार ही यथावत रहेंगी। संबंधित संस्थानों के प्रबंधक / प्रधानाचार्य / विभागाध्यक्ष से अपेक्षा की जाती है कि नवीन परीक्षा तिथियों से समस्त परीक्षार्थियों को अपने स्तर से सूचित करना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डा0 अनुराग श्रीवास्तव)
सचिव।